**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| **3 (क)** | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि प्रश्न कर्ता का पत्र दिनांक 22 फरवरी, 2023 व डा0 अमित सिंह चौहान, विधायक का पत्र दिनांक 24 फरवरी,2023 जो जनपद-हरदोई, तहसील-बिलग्राम, विकास खण्ड-माधौगंज के अन्तर्गत क्षेत्रीय चिकित्सीय समस्याओं के दृष्टिगत 22 गांवो के मध्य ग्राम सभा-समुखा, प्राथमिकता के आधार पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/महिला स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराये जाने विषयक था, प्राप्त हुआ है? | जी हां। |
| **(ख)** | यदि हॉ, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे, तथा उक्त पत्र पर शासन / जिला प्रशासन द्वारा क्या कार्यवाही की गयी? | उक्त पत्र जनपद हरदोई के तहसील बिलग्राम, के विकास खण्ड माधौगंज के अन्तर्गत 22 ग्रामों के मध्य ग्राम सभा समुखा में राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय/प्रसव केन्द्र स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में था।<br><br>ग्राम-सभा समुखा से 05 कि0मी0 की दूरी पर होम्योपैथिक चिकित्सालय, कुरसठ संचालित है एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, माधौगंज 11 कि0मी0 की दूरी पर स्थित है, जिससे क्षेत्रवासियों को चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। ग्राम-सभा समुखा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र न तो जिला योजना अनुश्रवण समिति द्वारा प्रस्तावित/अनुमोदित है और न ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्रसव केन्द्र हेतु भूमि उपलब्धता का प्रस्ताव प्राप्त है।<br><br>यह भी उल्लेखनीय है कि शासनादेश दिनांक 11.02.2014 के अनुसार जनपद हरदोई विकास खण्ड माधौगंज के अन्तर्गत ग्राम सभा समुखा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु मानक पूर्ण नहीं कर रहा है तथा शासनादेश दिनांक 06.05.2017 के |

अनुसार प्रदेश में विभाग द्वारा नये चिकित्सालयों की स्थापना की प्राथमिकता निर्धारित न किये जाने तथा निर्मित/निर्माणाधीन चिकित्सालयों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक मानव/वित्तीय संसाधनों की अभिवृद्धि हेतु समुचित कार्यवाही करने की प्राथमिकता निर्धारित की गयी है।

| | | |
|---|---|---|
| **(ग)** | क्या जनहित में ग्रामीण जनता की चिकित्सीय कठिनाइयों को देखते हुए प्राथमिकता पर राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है? | उपरोक्तानुसार। |
| **(घ)** | यदि हॉ, तो कब तक जनता हेतु चिकित्सालय की सुविधा उपलब्ध करायेगे? | उपरोक्तानुसार। |
| **(ड.)** | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री